INDIAN SCHOOL SOHAR

FORMATIVE ASSESSMENT 1 (2014-15)

SUBJECT : HINDI SET 1

Class : VIII **Time: 40 Minutes**

Date: 07- 05 -2014 **Marks: 20**

सामान्य निर्देश : (1) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले क्रमांक अवश्य लिखिए।
(2) कार्य स्वच्छता से कीजिए। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4)

जो कार्य एक समय असंभव माने जाते थे ,योग एवं विज्ञान के द्वारा उन्हें भी संभव कर दिया गया है। संपत्ति की लालसा ने हमारे दिलों को पत्थर बना दिया है। जीवन -मूल्यों का निरंतर ह ास होता जा रहा है। हमारे स्पर्धात्मक जीवन के कारण हम मानसिक तनाव के शिकार हो गए हैं। इस मानसिक तनाव के दुष्परिणाम भी प्रकट होते जा रहे हैं। डायबिटीज , कैंसर तथा उच्च रक्तचाप ने तो घर-घर में अपना वास कर लिया है। मानव की शारीरिक बीमारियों या मानसिक यातनाओं का एकमात्र इलाज योग के पास है। योग से मनुष्य की मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक उन्नति भी होती है।

(क) किसकी लालसा ने हमारे दिलों को पत्थर बना दिया है ?
(ख) हमारे मानसिक तनाव का क्या कारण है ?
(ग) मानसिक तनाव के दुष्परिणाम से कौन -कौन से रोग हो सकते हैं ?
(घ) असंभव कार्य को किसने संभव कर दिया है ?

प्रश्न (2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)

स्नेह , आदि

प्रश्न (3) निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग अलग करके लिखिए। (1)

परिस्थिति , अलौकिक

प्रश्न (4) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। (1)

परिक्षा , महत्तवपूर्ण

प्रश्न(5) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। **(1)**

(i) वह छत पर से गिर पड़ा।

(ii) मेरा माता जी आया है।

प्रश्न (6) निम्नलिखित विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए। **(1)**

स्वतंत्र , अपराधी

प्रश्न (7) निम्नलिखित शब्द का वर्ण -विच्छेद कीजिए। **(1)**

विस्मृति

प्रश्न (8) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **(2)**

विगत , अघाता , प्रक्रिया , झंझावात

प्रश्न (9) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। **(2)**

हरीतिमा , खून खौल जाना

प्रश्न (10) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(6)**

(1) कवि ने भारतीयों को 'धरती की निधि' क्यों कहा है ?

(2) हमें पुराने बंधनों से मुक्त क्यों होना चाहिए ?

(3) बंकिम चंद्र ने मौरल नामक अंग्रेज के अत्याचारों से किसानों को कैसे मुक्ति दिलाई ?

(4) बंकिम चंद्र को 'वंदे मातरम्' लिखने का विचार कब और कहाँ आया?

समाप्त